अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर ऑनलाइन स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन।

10 अक्टूबर 2026 को अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के रेड रिबन क्लब द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर इंटर कॉलेज ऑनलाइन स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय " एचआईवी के कलंक को समाप्त करें, मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा दें" रहा । यह कार्यक्रम अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के चेयरमैन एवं अग्रवाल कॉलेज के अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता तथा महासचिव श्री दिनेश कुमार गुप्ता जी के कुशल निर्देशन एवं कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. सी. एस. वशिष्ठ के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने एवं

एचआईवी से जुड़े सामाजिक कलंक को समाप्त करके समाज में फैली भ्रांतियों और भेदभाव को दूर करना है।

प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न कॉलेज जैसे के एल मेहता कॉलेज, अग्रवाल कॉलेज ऑफ़ लॉ (वूमेन), शिव कॉलेज ऑफ़ एजूकेशन (तिगांव), मां ओमवती कॉलेज ऑफ़ एजूकेशन हसनपुर , अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ आदि के विभिन्न विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिसमें खुशी , अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ (बी.एस.सी. मेजर इन मैथेमैटिक्स) प्रथम स्थान

हेतल सिन्हा , अग्रवाल कॉलेज ऑफ लॉ (विमेन) (बी.ए. एल.एल.बी.) द्वितीय स्थान एवं

दिव्या ठाकुर ,के.एल. मेहता दयानंद वीमेंस कॉलेज (बी.कॉम एडेड) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया

विजेताओं को क्रमशः ₹500, ₹300 एवं ₹200 के नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इस कार्यक्रम को रेड रिबन क्लब की संयोजिका डॉ. रेणु बाला, कोऑर्डिनेटर

श्रीमती नीलम शर्मा एवं प्रिय तंवर के सहयोग से सफलतापूर्वक संचालित किया गया। जज की भूमिका गणित विभागाध्यक्षा डॉ प्रिया अरोड़ा एवं कंप्यूटर विभाग के प्रवक्ता डॉ विनीत नागपाल जी ने निभाई।

महाविद्यालय प्राचार्य ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं में सामाजिक जागरूकता, सकारात्मक सोच और स्वस्थ जीवन मूल्यों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।